Punjab Kesari 28-5-25

# फाइनैंशियल वैलनैस सैमिनार का आयोजन

चंडीगढ़ 27 मई (आशीष) : सैक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज ने मंगलवार को भारतीय राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज, मुंबई की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एन.एस.ई. अकादमी के सहयोग से मिनी ऑडिटोरियम में विशेष रूप से महिलाओं के लिए फाइनैंशियल वैलनैस सैमीनार का आयोजन किया। सैमीनार कॉलेज के पी.जी. डिपार्टमैंट ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमैंट के फाइनैंशियल लिटरेसी क्लब के प्रमुख कार्यक्रमों में से एक था। प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने समाज के समग्र विकास के लिए आज के युग में ऐसे कार्यक्रमों की जरूरत बताई। कॉलेज की डीन कॉमर्स डॉ. मेरु सहगल ने विशेषज्ञ का स्वागत किया और वित्तीय निर्णयों में महिलाओं की भागीदारी को दर्शाने वाले सांख्यिकीय आंकड़ों पर प्रकाश डाला।

अजीत समाचार



सैक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज में सत्र दौरान एनएसई अकादमी के विशेषज्ञ देव राज सिंह का स्वागत करते आयोजक। (छाया : गुरिंदर सिंह)

# एसडी कॉलेज में एनएसई अकादमी के सहयोग से फाइनेंशियल वैलनेस सैमीनार का आयोजन

चंडीगढ़, 27 मई (राम सिंह बराड़): सैक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज ने मंगलवार को भारतीय राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनएसई अकादमी के सहयोग से कॉलेज के मिनी ऑडिटोरियम में विशेष रूप से महिलाओं के लिए फाइनेंशियल वैलनेस सैमिनार का आयोजन किया। इसका उद्देश्य भविष्य में फाइनेंसियल फ्रीडम के लिए उनके फाइनेंशियल विजडम को मजबूत करना था। यह सैमिनार कॉलेज के पीजी डिपार्टमैंट ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमैंट के फाइनेंशियल लिटरेसी क्लब के प्रमुख कार्यक्रमों में से एक था। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने समाज के समग्र विकास के लिए आज के युग में ऐसे कार्यक्रमों की जरूरत बताई। कॉलेज की डीन कामर्स डॉ. मेरु सहगल ने विशेषज्ञ का स्वागत किया और वित्तीय निर्णयों में महिलाओं की भागीदारी को दर्शाने वाले सांख्यिकीय आंकड़ों पर प्रकाश डाला। इस सेमिनार में विभिन्न शैक्षणिक पृष्ठभूमि वाली शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक स्टाफ की 65 महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया।

Arth Parkash 28-5-25

# एसडी कॉलेज में एनएसई अकादमी के सहयोग से फाइनेंशियल वैलनेस सेमिनार का आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज ने मंगलवार को भारतीय राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज, मुंबई की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनएसई अकादमी के सहयोग से कॉलेज के मिनी ऑडिटोरियम में विशेष रूप से महिलाओं के लिए फाइनेंशियल वैलनेस सेमिनार का आयोजन किया। इसका उद्देश्य भविष्य में फाइनेंशियल फ्रीडम के लिए उनके फाइनेंशियल विज़डम को मजबूत करना था। यह सेमिनार कॉलेज के पीजी डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के फाइनेंशियल लिटरेसी क्लब के प्रमुख कार्यक्रमों में से एक था। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने समाज के समग्र विकास के लिए आज के युग में ऐसे कार्यक्रमों की जरूरत बताई।

कॉलेज की डीन कामर्स डॉ. मेरु सहगल ने विशेषज्ञ का स्वागत किया और वित्तीय निर्णयों में महिलाओं की भागीदारी को दर्शाने वाले सांख्यिकीय आंकड़ों पर प्रकाश डाला। उन्होंने साथी युवा महिला




प्रतिभागियों को वित्तीय निर्णय लेने में भागीदारी करने की सलाह दी, जिससे आर्थिक रूप से महिला सशक्तीकरण हो सके। इस सेमिनार में विभिन्न शैक्षणिक पृष्ठभूमि वाली शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक स्टाफ की 65 महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया। एनएसई अकादमी के विशेषज्ञ देव राज सिंह ने सत्र को संबोधित किया और फाइनेंशियल विज़डम के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने महिलाओं के लिए वित्तीय शिक्षा के महत्व, विभिन्न आयु समूहों में निवेश के लिए उपलब्ध विभिन्न वित्तीय उत्पादों और रिटायरमेंट प्लानिंग में इसे शामिल करने पर चर्चा की।

पारंपरिक बैंकिंग और गैर-बैंकिंग वित्तीय उत्पादों के अलावा, एनपीएस, अटल पेंशन योजना जैसी विभिन्न सरकारी, वित्तीय पहल भी चर्चा का हिस्सा रहीं। उन्होंने व्यापक वित्तीय योजना के तहत स्पष्ट वित्तीय लक्ष्य निर्धारित करने के साथ-साथ अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए जल्द से जल्द वित्तीय यात्रा शुरू करने के महत्व पर चर्चा की। सेमिनार का समापन पीजी डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के आयोजन सचिव डॉ. यशपाल तनेजा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

Dainik Savera Times 28-5-25

# एनएसई अकादमी के सहयोग से फाइनैंशियल वैलनेस सैमिनार आयोजित

**सवेरा न्यूज/नीना चंडीगढ़ :** जीजीडीएसडी कॉलेज सैक्टर 32 ने मंगलवार को भारतीय राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज, मुंबई की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनएसई अकादमी के सहयोग से कॉलेज के मिनी ऑडिटोरियम में विशेष रूप से महिलाओं के लिए फाइनैंशियल वैलनेस सैमिनार का आयोजन किया। इसका उद्देश्य भविष्य में फाइनैंशियल फ्रीडम के लिए उनके फाइनैंशियल विजडम को मजबूत करना था। यह सैमिनार कॉलेज के पीजी डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के फाइनैंशियल लिटरेसी क्लब के प्रमुख कार्यक्रमों में से एक था। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने समाज के समग्र विकास के लिए आज के युग में ऐसे कार्यक्रमों की जरूरत बताई। कॉलेज की डीन कामर्स डॉ. मेरु सहगल ने विशेषज्ञ का स्वागत किया और वित्तीय निर्णयों में महिलाओं की भागीदारी को दर्शाने वाले सांख्यिकीय आंकड़ों पर प्रकाश डाला। उन्होंने साथी युवा महिला प्रतिभागियों को वित्तीय निर्णय लेने में भागीदारी करने की सलाह दी, जिससे आर्थिक रूप से महिला सशक्तीकरण हो सके। इस सैमिनार में विभिन्न शैक्षणिक पृष्ठभूमि वाली शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक स्टाफ की 65 महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया। एनएसई अकादमी के विशेषज्ञ देव राज सिंह ने सत्र को संबोधित किया और फाइनैंशियल विजडम के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला।



कॉलेज की डीन कामर्स डॉ. मेरु सहगल एनएसई अकादमी के विशेषज्ञ देव राज सिंह का स्वागत करते हुए।